भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1458
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार 08 फरवरी, 2018 को दिया जाना है

तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड को बंद किया जाना

1458. श्री डी कुपेन्द्र रेड्डी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसपीएल) को बंद कर दिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने उक्त कंपनी के कर्मचारियों के पुनर्वास हेतु कोई कदम उठाए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्टस लिमिटेड (टीएसपीएल) को बंद करने की सभी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हई है। आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने दिनांक 22 दिसंबर, 2015 को कंपनी बंद करने का अनुमोदन दिया।

कंपनी को बंद करने का निर्णय कंपनी द्वारा लगातार उठाए जाने वाले घाटे और कंपनी के संसाधनों से कर्मचारियों के वेतन और सांविधिक देय राशि की अदायगी में कंपनी के असमर्थ होने के मद्देनजर लिया गया है।

(ग) और (घ): सीसीईए ने वर्ष 2007 के अनुमानित वेतन मान पर आकर्षक वीआरएस/वीएसएस पर कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने का निदेश दिया। सभी पात्र कर्मचारियों को वीआरएस पर कार्यमुक्त कर दिया गया।

******